आरोपी पर 3 हजार का ईनाम घोषित

श्योपुर । पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार आरोपी मोहर सिंह पुत्र नबाव सिंह उर्फ नब्बा गुर्जर निवासी हटी सिंह का पुरा बिचपई थाना जौरा जिला मुरैना पर 3 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है।

ब्रीफ टुडे

74.78 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

श्योपुर। कराहल थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कच्ची शराब, अंग्रेजी शराब, देशी शराब और बीयर सहित कुल 74.78 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 19 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 30 अगस्त को दोपहर करीब 2.50 बजे ग्राम दुहारी में मुरारी आदिवासी के सामने आम रोड पर पुलिस ने संदिग्ध रूप से शराब लेकर जा रहे जगदीश पुत्र डोला बंजारा और पप्पू पुत्र झींगा बंजारा, निवासी ग्राम कुरकुटा को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 82 पाउच हाथभट्टी की कच्ची शराब, 50 क्वार्टर गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब, 51 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा और 24 बोतल बीयर बरामद हुई।

दुकान के सामने युवक से मारपीट, तलवार से किया हमला

श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र में दुकान के सामने हुए विवाद में एक युवक से मारपीट कर तलवार से चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 3 बड़ौदा निवासी दिनेश पुत्र मुरारी बाथम (25) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अगस्त को दोपहर करीब 3.30 बजे वह बस स्टैंड बड़ौदा स्थित आरोपी की दुकान के सामने था। इसी दौरान बड़ा मोहल्ला बड़ौदा निवासी फुल्लन मुसलमान ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

विजयपुर एवं कराहल में आज होगी जनसुनवाई

श्योपुर । कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा पूर्व में प्रत्येक मंगलवार को अनुभाग मुख्यालयों पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में जनसुनवाई करने के निर्देश जारी किये गये है। इसी क्रम में मंगलवार 01 सितंबर को अनुभाग मुख्यालय कराहल एवं विजयपुर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में उप खण्ड स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे तथा इस दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का पंजीयन कर उनका यथोचित निराकरण किया जायेगा। ऐसे आवेदन जो अधिकारिता सीमा में नही है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अछरौनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं चमरौआ विद्युत उपकेंद्र का किया लोकार्पण

पिछोर में स्वास्थ्य एवं विद्युत सुविधाओं को मिली नई सौगात

प्रदेश टुडे संवाददाता, शिवपुरी

पिछोर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अछरौनी में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा चमरौआ 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया।

अछरौनी में लगभग 1.80 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सकेगा। इसके साथ ही 1.95 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए चमरौआ 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के लोकार्पण से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे आसपास की लगभग 20 से 25 हजार आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। विद्युत आपूर्ति के अधिक सुचारु, सुदृढ़ एवं विश्वसनीय होने से आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि सरकार का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में देशभर में स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ सरकार गांव, गरीब, किसान और आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक यागचेंन डोलकर भूटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सड़कों के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन, ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

शिवपुरी। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज पिछोर विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की महत्वपूर्ण सौगातें दीं। केन्द्रीय मंत्री ने धपौरा से तैरई मार्ग तथा भगारी-रामपुर-टपरन मार्ग के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन सड़कों के बनने से पिछोर विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था और ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। सड़कों से मजबूत होगी गांवों की कनेक्टिविटी, विकास को मिलेगी नई रफ्तारकेन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने धपौरा से तैरई मार्ग के 3 .17 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

सिंधिया आज नपा की विभिन्न सड़कों का करेंगें भूमिपूजन

शिवपुरी-केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी जिले के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान 1 सितम्बर को कोलारस एवं शिवपुरी में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमि पूजन तथा अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 1 सितम्बर को पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास 50 सीटर अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास शिवपुरी का भूमि पूजन और नगर पालिका की विभिन्न सड़कों का भूमि पूजन करेंगे।

बच्चों को पढ़ाने के बजाय क्लास में मोबाइल चलाते मिली शिक्षिकाएं, नोटिस जारी

श्योपुर । एसडीएम गगन मीणा द्वारा तहसील क्षेत्र बड़ौदा के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं एवं राजस्व कार्यों का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम राजोरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया, साथ ही बच्चों से चर्चा कर शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन भी किया गया। इस दौरान विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका प्रियंका तेजरा क्लास रूम में बच्चों को अध्यापन कार्य के स्थान पर मोबाइल चलाते हुए पाई गई, साथ ही कक्षा-कक्ष में शिक्षिका के पति भी मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए उपस्थित पाए गए, जबकि वे विद्यालय के शिक्षक नहीं हैं, उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम द्वारा विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है।

सांदीपनी स्कूल में व्याख्यान आयोजित

मालनपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्य प्रदेश की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा ,एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस एवं समुदायों के बीच सृजनात्मक संवाद विकसित करने के उद्देश्य से दिनांक 6-8-2026 से प्रारंभ हुई सृजन संवाद योजना के अंतर्गत अंतिम सत्र एवं चौथे बैच में ,जिला मुख्यालय पर योजना हेतु चयनित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक -02 के कक्षा 11 एवं 12 के 85 छात्र / छात्राओं के साथ रक्षाबंधन एवं अन्य अवकाश के पश्चात,आज दिनांक 31-08-2026 सोमवार को दोपहर 2.30 बजे से सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक - 02 के हॉल में व्याख्यान के माध्यम से सृजनात्मक गतिविधियों एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्य प्रदेश से जारी योजना संबंधित विषय वस्तु पर मुताबिक शैडयूल अधिकारीगण एवं योजना के टीओटी द्वारा संवाद किया गया ।

तलवार से हमले के बाद बड़ौदा में तनाव, आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रदेश टुडे संवाददाता, श्योपुर

बड़ौदा बस स्टैंड पर रविवार को वार्ड क्रमांक 3 निवासी दिनेश बाथम पर तलवार से किए गए जानलेवा हमले के बाद सोमवार को नगर में तनाव की स्थिति बन गई। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर जमा हुए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस ने मामले में आरोपी फुल्लन खान को गिरफ्तार कर घटनास्थल से बड़ौदा थाने तक उसका जुलूस निकाला।

जानकारी के अनुसार दिनेश रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे अपनी बहन को बस में बैठाने के लिए बड़ौदा बस स्टैंड पहुंचा था। इसी दौरान फुल्लन मुसलमान ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल बड़ौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। घटना के बाद लोग थाने के बाहर एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पुलिस ने शुरूआत में मामले में हल्की धाराओं में कार्रवाई की। इसके बाद बागर तिराहे पर भी लोगों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित होने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया।

काली तलाई के पास तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, वनरक्षक गंभीर घायल

श्योपुर । काली तलाई क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और घिसटते हुए सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान रवि भदौरिया निवासी भिंड के रूप में हुई है।

उत्तर मध्य रेलवे

कमांक झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/195 **ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक 28/08/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2026-195

कार्य का नाम : ग्वालियर जंक्शनः नेसेसरी अल्टरेशन इन लाइन नंबर 6 (प्लेटफार्म-4 लाइन)फॉर मेकिंग थ्रू थर्ड लाइन विथ एडिशनल लूप लाइन (प्लेटफार्म - 5 लाइन) एट ग्वालियर यार्ड ।

अनुमानित लागत रू.: 25313691.48 | अमानत राशि : 506300.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह

निविदा बन्द होने की तिथि : 21/09/2026 at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक **21/09/2026** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1999/26 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

REG NO. MSCS/CR/1302/2020 Email-ramrajamscs@gmail.com

RAMRAJA MULTI-STATE AGRO CO-OPERATIVE SOCIETY LTD.

REGISTERED WITH MINISTRY OF COOPERATION (GOVERNMENT OF INDIA)

दिनांकः 31 अगस्त 2026

सूचना / निर्वाचन संबंधी नोटिस

समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के वर्तमान बोर्ड/समिति का कार्यकाल दिनांक 10.09.2026 को पूर्ण हो रहा है। अतः समिति के नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार नए बोर्ड/समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित तिथि दिनांक 21.09.2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है की वह होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा समिति के सुचारू संचालन हेतु योग्य प्रतिनिधियों के चयन में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। यह भी अवगत कराया जाता है कि समिति द्वारा यह सूचना निर्वाचन तिथि से 14 दिवस पूर्व सभी सदस्यों को प्रदान की जा रही है, जिससे सभी सदस्य समय रहते जानकारी प्राप्त कर सकें एवं निर्वाचन में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी, जैसे निर्वाचन कार्यक्रम, मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, मतदान की तिथि एवं समय तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक सूचनाएँ समिति द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए निर्धारित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी का नामः रामकुमार वर्मा कार्यालय का पताः सी-301, रॉयल कॉम्प्लेक्स, श्री रॉयल सिटी, शिवपुरी रोड, झाँसी-284003

अतः सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपना सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही में सहभागिता सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार -: आस्था गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)
समिति : रामराजा मल्टी स्टेट एग्रो को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड

दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत यही है कामयाबी का असली मंत्र- स्वप्निल वानखेडे : कलेक्टर

बुंदेलखंड गौरव सम्मान समारोह एवं छात्र संवाद कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ

प्रदेश टुडे संवाददाता, करैरा

बुंदेलखंड गौरव सम्मान समारोह एवं छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन रतन विहार वाटिका दतिया में आयोजक समाजसेवी अभय गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दतिया के जिलाधिकारी कलेक्टर स्वप्निल वानखेडे एवं विशिष्ट अतिथि दतिया आकांक्षा जैन,समाजसेवी अमित अग्रवाल,शासकीय महाविधालय के प्राचार्य निलय गोस्वामी एवं प्रसिद्ध कवि प्रमोद सेठ भारती करैरा,पीके यूनिवर्सिटी के प्राचार्य विवेक गुप्ता उपस्थित रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दतिया कलेक्टर और अन्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती माँ को पुष्प माला अर्पित दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात आयोजक व समिति सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को सम्मान स्वरूप पौधे भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड की प्रतिभाओ को बढ़ाने और उन्हे प्रोत्साहित करने के लिए लगभग बुन्देलखण्ड दतिया के दो सौ प्रतिभागियों मेधावी विधार्थीओ को कलेक्टर दतिया व अन्य अतिथियो आयोजको द्वारा मेडल प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया और जिले का खेल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया और दतिया के क्रिएटरों, यूट्यूबरो का भी सम्मान किया गया तथा दतिया कलेक्टर स्वप्निल बानखडे ने कार्यक्रम मे सबोधित करते हुए कहा विधार्थी जीवन में दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत यही कामयाबी का असली मंत्र होता है नकारात्मक बातो और वस्तुओ से दूर रहकर अपने भविष्य के प्रति सतर्क रहकर नियमित अध्ययन करते रहे आप सभी को नवयुवाओ को उज्जवल भविष्य हेतु बधाई और शुभकामनाएं आयोजको की प्रंशसा की एवं अन्य अतिथियो ने भी अपना वक्तत्व दिया ।

राजस्व प्रांगण में खरपतवार की सफाई शुरू, 10 सितंबर को भारतीय किसान संघ करेगा बृहद पौधारोपण

कोलारस। क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजस्व विभाग के प्रांगण स्थित सुरक्षित परिसर में सफाई और रखरखाव का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 3 वर्ष पूर्व तात्कालीन एसडीएम ब्रिजेंद्र यादव के कार्यकाल के दौरान इस परिसर को सुरक्षित कर जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों द्वारा सैकड़ों पौधे रोपे गए थे। हालांकि, समय के साथ उगी गाजरघास और खरपतवार के कारण कई पौधों की वृद्धि प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए भारतीय किसान संघ ने बीते मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एसडीएम शिवदयाल धाकड़ का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था और परिसर की सफाई की मांग उठाई थी। सोमवार से प्रांगण में खरपतवार हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

उपचुनाव के बाद भाजपा में घमासान पार्षदों ने खोला नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा

दतिया। उपचुनाव में भाजपा को मिली करारी हार के बाद दतिया की सियासत में अब समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। चुनावी नतीजों के बाद जहां हार की समीक्षा का दौर शुरू हो चुका है, वहीं भाजपा के भीतर आरोप-प्रत्यारोप भी खुलकर सामने आने लगे हैं। ताजा मामला दतिया नगर पालिका से जुड़ा है, जहां भाजपा के ही पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।नगर पालिका में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष शांति ढेंगुला और उनके पुत्र प्रशांत ढेंगुला पर गंभीर आरोप लगाए। पार्षदों का दावा है कि नगर पालिका में नियमों को ताक पर रखकर भुगतान किए गए और दस्तावेजों में कथित अनियमितताएं हुई हैं। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि अध्यक्ष के पुत्र द्वारा उनकी माताजी के कथित फर्जी हस्ताक्षर कर करोड़ों रुपये के भुगतान किए गए। इन आरोपों को लेकर पार्षदों ने नगर पालिका से सेवानिवृत्त हुए अकाउंट शाखा के कर्मचारी का हवाला भी दिया है।हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और नगर पालिका अध्यक्ष या उनके पुत्र का पक्ष सामने आना बाकी है।लेकिन इस पूरे विवाद का सबसे बड़ा राजनीतिक पहलू नगर पालिका से कहीं आगे निकलकर दतिया की भाजपा की अंदरूनी सियासत से जुड़ता दिखाई दे रहा है।दरअसल, नगर पालिका अध्यक्ष शांति ढेंगुला और उनके पुत्र प्रशांत ढेंगुला को पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के करीबी समर्थकों में गिना जाता है। नरोत्तम मिश्रा के राजनीतिक प्रभाव के दौर में ही शांति ढेंगुला नगर पालिका अध्यक्ष बनी थीं। ऐसे में अब उपचुनाव के बाद उनके खिलाफ भाजपा पार्षदों का खुलकर सामने आना पार्टी के भीतर बदलते समीकरणों के तौर पर भी देखा जा रहा है।

नियम 92 (1) (क) (ii)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप मध्यप्रदेश शासन

नगर पालिक निगम, ग्वालियर

// निविदा सूचना // दिनांक 31/8/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://gmc.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है ।

क्रं.	टेण्डर क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_531956_1	वार्ड 59 ग्राम बड़ी मडैया में सी.सी. रोड कार्य ।	7857088/-	10000/- 58928/-	25.09.26
2	2026_UAD_532204_1	वार्ड 24 सुरेश नगर कर्नल डी. एन. सिंह के भवन से संजय नगर कबाड़े की दुकान तक डामरीकरण कार्य ।	2827150/-	5000/- 21204/-	25.09.26
3	2026_UAD_502108_2	वार्ड 18 दीनदयाल नगर में रामप्रकाश परमार वाली गली ए.के. चौबे वाली गली एवं विनय श्रीवास्तव के मकान से नरेन्द्र चौहान के मकान तक सी.सी. सडक कार्य ।	1241114/-	2000/- 9308/-	09.09.26
4	2026_UAD_511414_2	वार्ड 57 जयेन्द्र गंज राजीव प्लाजा से खूबी की बजरिया गिर्राज जी मंदिर तक डामरीकरण रोड एवं नाली कार्य ।	2683505/-	5000/- 20126/-	09.09.26
5	2026_UAD_532195_1	वार्ड 59 मधुवन नगर पार्क बाउण्ड्री वॉल एवं सिल्वर बेल्स स्कूल पार्क की बाउण्ड्री वॉल कार्य ।	1787973/-	2000/- 13410/-	25.09.26
6	2026_UAD_531831_1	वार्ड 58 हरीशंकरपुरम में पंडित ट्रांसपोर्ट एवं साया टैरेस वाली रोड में सी.सी. रोड कार्य ।	780686/-	2000/- 7807/-	08.09.26
7	2026_UAD_531840_1	वार्ड 58 फायर ब्रिगेड कॉलोनी में आवंटित क्वार्टर नं.-04 की मरम्मत एवं अन्य कार्य ।	443800/-	2000/- 4438/-	08.09.26
8	2026_UAD_531869_1	वार्ड 58 फायर ब्रिगेड कॉलोनी म.नं.-01 में बाउण्ड्री वॉल एवं अन्य मरम्मत कार्य ।	739736/-	2000/- 7397/-	08.09.26
9	2026_UAD_532540_1	वार्ड 24 थाटीपुर विवेकानंद चौराहे से शासकीय हॉस्पिटल होते हुए सुपर शॉप तक डामरीकरण	2832025/-	5000/- 28320/-	25.09.26
10	2026_UAD_511431_1	वार्ड 59 विक्की फैक्ट्री से हरिजन बस्ती तक नाला निर्माण कार्य ।	1270076/-	2000/- 9525/-	08.09.26

नोट :- निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://gmc.mptenders.gov.in** की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

R.O. क्रं. 600 दि. 31/08/26

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, ग्वालियर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला के शुभ अवसर पर रेलगाड़ियों का विस्तार

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मथुरा में **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला** के शुभ अवसर पर दिनांक **03.09.2026** से **07.09.2026** तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों का विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 11901/11902 आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी एक्सप्रेस का मथुरा जं. तक विस्तार

गाड़ी सं. 11901			गाड़ी सं. 11902	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	16:00	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी	12:50	--
21:40	22:00	आगरा कैंट	06:00	06:30
22:09	22:11	राजा की मंडी	05:35	05:37
22:15	22:17	बिल्लोचपुरा	05:28	05:30
22:24	22:25	रूनकुता	05:18	05:20
22:33	22:34	कीथम	05:08	05:10
22:42	22:43	दीन दयाल धाम	04:59	05:00
22:49	22:50	फराह	04:51	04:53
22:58	22:59	बाद	04:41	04:43
23:25	--	मथुरा जं.	--	04:30

गाड़ी सं. **11901**, आगरा कैंट-मथुरा जं., दिनांक **03.09.2026** व **06.09.2026**
गाड़ी सं. **11902**, मथुरा जं.-आगरा कैंट, दिनांक **04.09.2026** व **07.09.2026**

गाड़ी सं. 14212/14211 नई दिल्ली-आगरा कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस का ग्वालियर तक विस्तार

गाड़ी सं. 14212			गाड़ी सं. 14211	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	17:40	नई दिल्ली	10:00	--
22:05	22:20	आगरा कैंट	04:40	05:45
23:13	23:15	धौलपुर	04:00	04:02
23:35	23:37	मुरेना	02:58	03:00
01:10	--	ग्वालियर	--	02:30

• गाड़ी सं. **14212** नई दिल्ली-आगरा कैंट से दिनांक **03.09.2026** से **07.09.2026** तक ग्वालियर तक विस्तार। • गाड़ी सं. **14211** आगरा कैंट-नई दिल्ली का संचालन दिनांक **04.09.2026** से **08.09.2026** तक ग्वालियर से होगा।

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in 2008/26 (PH)

किशनपुर में मलेरिया-डेंगू की दस्तक पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 40 जगहों पर मिला मच्छरों का लार्वा

110 घरों का सर्वेक्षण, 556 जल-पात्रों की जांच; 50 बुखार रोगियों की हुई जांच, मलेरिया की सभी रिपोर्ट निगेटिव

कानपुर नगर (उत्तर प्रदेश)। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड चौबेपुर के ग्राम किशनपुर में विशेष अभियान चलाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में नोडल अधिकारी (वीबीडी) डॉ. राजेश्वर सिंह एवं जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय वीबीडी टीम ने गांव का भ्रमण कर स्वास्थ्य शिविर लगाया और घर-घर सर्वेक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर की विभागीय टीम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू समेत अन्य मच्छरजनित रोगों के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में 90 रोगियों की चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं वितरित की गईं। इनमें बुखार एवं संबंधित लक्षण वाले 50 मरीजों की मलेरिया और डेंगू की जांच की गई। मलेरिया की सभी जांच रिपोर्ट निगेटिव आईं, जबकि डेंगू के नमूने परीक्षण के लिए यूएचएम प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

556 जल-पात्रों की जांच, 40 में मिला लार्वा

जनपदीय वीबीडी टीम ने गांव में घर-घर पहुंचकर मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच की। इस दौरान 110 घरों का सर्वेक्षण कर करीब 556 जल-पात्रों एवं कंटेनरों की जांच की गई। जांच में लगभग 40 स्थानों/जल-पात्रों में मच्छरों के लार्वा की ब्रीडिंग मिली। टीम ने मौके पर ही लार्वा को नष्ट कराया और संबंधित गृहस्वामियों को पानी जमा न होने देने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों से कूलर और पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने तथा पुराने टायर, डिब्बे, बर्तन और अन्य अनुपयोगी सामान में पानी जमा न होने देने की अपील की। जलभराव वाले स्थानों पर आवश्यकतानुसार जला हुआ मोबिल ऑयल अथवा केरोसिन ऑयल डालने, मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करने और शरीर को अधिक से अधिक कपड़ों से ढककर रखने की सलाह दी गई।

बुखार होने पर तुरंत जांच कराने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी कि बुखार या मच्छरजनित बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर स्वयं दवा लेने के बजाय तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार लें। अभियान के दौरान पाथ संस्था के रीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ. शिवकांत भी मौजूद रहे। जनपदीय वीबीडी टीम ने स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों एवं फील्ड स्टाफ को वीबीडी सर्विलांस, फीवर केस डिटेक्शन, समयबद्ध रिपोर्टिंग, जांच-उपचार और मच्छर नियंत्रण गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मलेरिया और डेंगू जैसे मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। घर और आसपास पानी जमा न होने देकर मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकता है।

घर का आंगन 25 फीट धंसा, गिरकर लड़की की मौत : 7 घंटे फंसी रही, 60 जवानों ने गड्ढा खोदकर निकाला, बोरवेल के ऊपर फर्श बना दी थी

कानपुर। कानपुर में घर का आंगन अचानक धंसने से 25 फीट गहरे गड्ढे में गिरी लड़की को 7 घंटे के ऑपरेशन के बाद बाहर निकाल लिया गया। लेकिन अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हादसा शुक्रवार सुबह 6:40 बजे हुआ। रक्षाबंधन पर 18 साल की यशी सविता नहाकर बाथरूम से बाहर निकली थी। जैसे ही उसने अपना एक कदम आंगन की तरफ बढ़ाया, नीचे की जमीन धंस गई। यशी नीचे मौजूद बोरिंग में समा गई। उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के वक्त घर में सिर्फ बड़ी बहन थी। मां-बाप घर से 200 मीटर दूर भैंस बांधने गए थे। बहन ने देखा तो उसने पहले रस्सी डालकर यशी को निकालने की कोशिश की। इतनी देर में मिट्टी और धंस गई और लड़की नीचे अंदर चली गई।

बहन चीखते हुए घर से बाहर भागी। मां-बाप और पड़ोसियों को बुलाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। 35 मिनट बाद पुलिस आई, लेकिन वह बेबस दिखी। घर से 22 किमी दूर जाजमऊ से फायरब्रिगेड को बुलाया गया। तब तक डेढ़ घंटे बीत चुके थे। 8 बजे फायरकर्मी मौके पर आए। उन्होंने उसी गड्ढे को फावड़े से खोदना शुरू किया, जिसमें यशी गिरी थी। मिट्टी धंसकर गड्ढे में गिर रही थी, इसलिए रेस्क्यू रोक दिया गया। फिर जेसीबी मंगवाई गई और बरामदे को तोड़ा गया। हादसा स्थल से 10 फीट दूर जेसीबी से गड्ढा खोदा गया। 10 बजे तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दोनों रेस्क्यू में लग चुकी थी। जेसीबी से करीब 20 फीट गड्ढा खोदा गया, लेकिन यशी की सटीक लोकेशन नहीं मिल रही थी। तब पोकलेन मंगाई गई। इससे 10 फीट और गहरा गड्ढा खोदा गया। दोपहर 2.20 बजे 30 फीट की खुदाई के बाद 60 जवानों की रेस्क्यू टीम लड़की तक पहुंच पाई। उसे जब बाहर निकाला गया। वह अचेत थी। मामला जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव का है। यशी, पिता विनोद, मां रेखा, बड़ी बहन ऋचा और भाई अमित उर्फ भास्कर के साथ रहती थी। यशी सबसे छोटी थी। दो बहनों रूपा और अनुपमा की शादी हो चुकी है। भाई अमित लखनऊ में एक मेडिकल कंपनी में जॉब करता है। पिता बंटाई पर खेती करते हैं। घरवालों ने बताया, करीब तीन साल पहले 630 स्क्वॉयर फीट में घर बनाया गया, जो 18 फीट चौड़ा और 35 फीट लंबा है। घर की शुरुआत में एक बरामदा है। फिर आंगन और आखिर में कमरा है। आंगन से सटा बाथरूम है। घर निर्माण के समय आंगन में बोरिंग कराई गई थी, लेकिन पानी नहीं निकलने के कारण उसे छोड़ दिया गया और दूसरी जगह नई बोरिंग कराई गई। उसी पुरानी बोरिंग के ऊपर फर्श बना दी गई थी। लगातार बारिश के कारण जमीन कमजोर हो गई थी। अब जमीन धंसने से यह हादसा हो गया। सीएचसी सरसौल के डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम ने बताया कि युवती को दोपहर 2:43 बजे अस्पताल लाया गया था। करीब 10 मिनट तक जांच की गई, लेकिन उसकी सांसें नहीं चल रही थीं। डॉक्टर के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवती की मौत हो चुकी थी।

बरेली में भाजपा नेता की चाकू से गोदकर हत्या

घर से 500 मीटर दूर घेरकर मारा; पहले से घात लगाए बैठे थे हमलावार

बरेली। बरेली में बीजेपी नेता की शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे घर से करीब 500 मीटर दूर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वह रात में खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन्हें पकड़ लिया और चाकू से हमला कर दिया।

भाजपा नेता की चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी बाइक से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बारादत जिला मुख्यालय से करीब 2.5 किलोमीटर दूर सुभाषनगर थाना क्षेत्र की है। भाजपा नेता की पहचान सचिन कश्यप (28) के रूप में हुई है। वह भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष थे। परिजनों की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। हत्या की वजह के पीछे पैसों के लेनदेन का विवाद सामने आ रहा है। बरेली के मांझे वाली बगिया इलाके में सचिन कश्यप (28) परिवार के साथ रहते थे। वह प्रिंटिंग प्रेस में काम करता करते थे। भाई सनी ने बताया- उनकी शादी हो चुकी थी। परिवार में मां गुड़िया देवी, पिता चंद्र प्रकाश, दो भाई और पांच बहनें हैं। उनके अलावा घर में सचिन की पत्नी और तीन बच्चे महिमा (12) अरुणा (8) शिवांश (4) भी रहते हैं। सचिन मणिनाथ मंडल के भाजपा ओबीसी मोर्चा का उपाध्यक्ष भी थे। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद सचिन करीब 10 बजे घर से टहलने निकले थे। घर से करीब 500 मीटर दूर कुछ हमलावर पहले से घात लगाकर बैठे थे। सचिन को देखते ही उन्होंने उनको पकड़ लिया। उनके साथ गाली-गलौज की और चाकू से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर लोग दौड़े तो हमलावर बाइक से फरार हो गए। लोगों ने सचिन के घरवालों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो सचिन खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में पड़ा था। उन्होंने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सचिन को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई के मुताबिक, सचिन का कुछ समय पहले पैसे के लेनदेन को लेकर बाबू नाम के युवक से विवाद हुआ था। बाद में स्थानीय लोगों और जान-पहचान वालों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद वे लोग सचिन से दुश्मनी रखते थे। उन्होंने ही उसकी हत्या की है।

यमुना के बढ़ते जलस्तर से अलर्ट सजेती पुलिस, संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई निगरानी

कानपुर नगर(उत्तर प्रदेश)। जिले में लगातार हो रही बारिश और यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सजेती पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस ने नदी किनारे तथा जलभराव की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस टीमों ने विभिन्न संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें संभावित खतरे के प्रति सचेत किया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे अनावश्यक रूप से नदी के करीब न जाएं और किसी भी स्थिति में नदी के पानी में उतरने का जोखिम न उठाएं। पुलिस ने विशेष रूप से नदी किनारे और जोखिम वाले स्थानों पर भीड़ न लगाने की सलाह दी। साथ ही ग्रामीणों को मौसम और जलस्तर में होने वाले बदलावों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। सजेती पुलिस का कहना है कि लगातार बारिश के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी जारी रहेगी और लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुंबई में दूध 100 के पार, थोक भाव 9 बढ़ा

मुंबई। त्योहारी सीजन से पहले मुंबई के लोगों को महंगाई का झटका लगा है। बॉम्बे मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने थोक दूध की कीमत में 9 प्रति लीटर बढ़ोतरी का ऐलान किया है नई कीमत 1 सितंबर से लागू होगी। इसके बाद मुंबई और आसपास के मेट्रोपॉलिटन इलाकों में थोक दूध का भाव 93 से बढ़कर 102 प्रति लीटर हो जाएगा।

यह नई कीमत अगले 6 महीने यानी 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी। एसोसिएशन के मुताबिक, यह हाल के वर्षों में दूध की कीमत में हुई सबसे बड़ी एकमुश्त बढ़ोतरी में से एक है।दूध की कीमत बढ़ाने के पीछे डेयरी किसानों और तबेला संचालकों ने बढ़ती उत्पादन लागत को मुख्य वजह बताया है। पिछले एक साल में पशुओं के लिए जरूरी हरा चारा, चुनी और खली जैसी चीजों की कीमत लगातार बढ़ी है। इसके अलावा दूध की ढुलाई, पशुओं की देखभाल और तबेले के संचालन का खर्च भी बढ़ गया है। बढ़ती लागत के कारण दूध उत्पादकों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा था।थोक दूध महंगा होने का सीधा असर मुंबई के आम ग्राहकों पर पड़ने की आशंका है। स्थानीय दूध विक्रेता, डेयरी और घर तक दूध पहुंचाने वाले सप्लायर 1 सितंबर से बढ़ी हुई कीमत ग्राहकों से वसूल सकते हैं। कुछ जगहों पर खुदरा कीमत में थोक बढ़ोतरी से थोड़ा ज्यादा इजाफा भी हो सकता है। इसका असर सिर्फ दूध तक सीमित नहीं रहेगा। दूध महंगा होने से दही, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। त्योहारी सीजन में दूध की बड़ी खपत होने के कारण मिठाई की दुकानों, बेकरी और खाने-पीने की दुकानों पर भी लागत बढ़ेगी। ऐसे में त्योहारों के दौरान मिठाइयों और दूसरे दूध से बने उत्पादों के दाम बढ़ने की संभावना है।

REG NO. MSCS/CR/1302/2020 Email - ramrajamscs@gmail.com

RAMRAJA MULTI-STATE AGRO CO-OPERATIVE SOCIETY LTD.

REGISTERED WITH MINISTRY OF COOPERATION (GOVERNMENT OF INDIA)

दिनांक: 31 अगस्त 2026

सूचना / निर्वाचन संबंधी नोटिस

समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के वर्तमान बोर्ड/समिति का कार्यकाल दिनांक 10.09.2026 को पूर्ण हो रहा है। अत: समिति के नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार नए बोर्ड/समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित तिथि दिनांक 21.09.2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा समिति के सुचारू संचालन हेतु योग्य प्रतिनिधियों के चयन में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। यह भी अवगत कराया जाता है कि समिति द्वारा यह सूचना निर्वाचन तिथि से 14 दिवस पूर्व सभी सदस्यों को प्रदान की जा रही है, जिससे सभी सदस्य समय रहते जानकारी प्राप्त कर सकें एवं निर्वाचन में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी, जैसे निर्वाचन कार्यक्रम, मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, मतदान की तिथि एवं समय तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक सूचनाएं समिति द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए निर्धारित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी का नाम: रामकुमार वर्मा कार्यालय का पता: सी-301, रॉयल कॉम्प्लेक्स, श्री रॉयल सिटी, शिवपुरी रोड, झांसी-284003

अत: सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपना सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही में सहभागिता सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार - आस्था गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)

समिति: रामराजा मल्टी स्टेट एग्रो को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड

बाढ़ के बाद घटा मंदाकिनी का जलस्तर, रामघाट पर दिखी तबाही की तस्वीरें

चित्रकूट। मां मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ के बाद अब जलस्तर धीरे-धीरे घटने लगा है। पानी कम होने के बाद चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट की स्थिति सामने आने लगी है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद घाट और आसपास के क्षेत्रों में इसके असर की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं।

बाढ़ के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने से रामघाट सहित आसपास के इलाकों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब पानी घटने के बाद घाट की स्थिति की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें बाढ़ के प्रभाव को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। रामघाट की इन तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ ने स्थानीय लोगों और घाट क्षेत्र को किस तरह प्रभावित किया। पानी कम होने के बाद प्रशासन और स्थानीय लोगों के सामने अब साफ-सफाई तथा सामान्य जनजीवन बहाल करने की चुनौती है।

15 साल बाद रोहणी नक्षत्र में मनेगा श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव : अष्टमी तिथि के साथ रोहणी नक्षत्र का दुर्लभ संयोग, उज्जैन के मंदिरों में विशेष पूजन होगी

उज्जैन। देशभर में 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस बार 15 साल बाद जन्माष्टमी पर ऐसा विशेष संयोग बन रहा है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित अक्षत व्यास के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भी मध्यरात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस बार जन्माष्टमी पर भी इसी तरह का संयोग बन रहा है।

पंडित व्यास के मुताबिक कई बार जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि तो रहती है, लेकिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग नहीं बनता। इस बार दोनों एक ही दिन मिल रहे हैं। यही वजह है कि इस जन्माष्टमी को विशेष माना जा रहा है। रामानंदी संप्रदाय में जन्मोत्सव के लिए रोहिणी नक्षत्र को विशेष महत्व दिया जाता है। इस बार वैष्णव और रामानंदी समेत सभी प्रमुख संप्रदायों में 4 सितंबर को ही जन्माष्टमी मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार जन्माष्टमी की अर्धरात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का एक साथ होना विशेष फलदायी माना जाता है। कई वर्षों में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर वृष राशि में चंद्रमा तो रहता है, लेकिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग नहीं बन पाता। इस बार सभी प्रमुख ज्योतिषीय तत्व एक साथ आ रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं में भी ऐसे संयोग में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। जन्माष्टमी पर उज्जैन के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष सजावट, अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस्कॉन मंदिर: भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। भगवान राधा मोहन का अभिषेक कर नए वस्त्र पहनाए जाएंगे। आभूषण और पुष्पमालाओं से श्रृंगार के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। द्वारकाधीश गोपाल मंदिर: सिंधिया ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में पंचामृत पूजन-अभिषेक के बाद दर्शन शुरू होंगे। विशेष श्रृंगार के साथ ढोली बुआ का कीर्तन होगा। मध्यरात्रि 12 बजे विशेष आरती की जाएगी। सांदीपनि आश्रम: भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में भी विशेष पूजन और आरती होगी। यहां सुबह से रात तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। जन्माष्टमी पर आश्रम में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

REG NO. MSCS/CR/1302/2020 Email-ramrajamscs@gmail.com

RAMRAJA MULTI-STATE AGRO CO-OPERATIVE SOCIETY LTD.

REGISTERED WITH MINISTRY OF COOPERATION (GOVERNMENT OF INDIA)

दिनांकः 31 अगस्त 2026

सूचना / निर्वाचन संबंधी नोटिस

समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के वर्तमान बोर्ड/समिति का कार्यकाल दिनांक 10.09.2026 को पूर्ण हो रहा है। अतः समिति के नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार नए बोर्ड/समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित तिथि दिनांक 21.09.2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है की वह होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा समिति के सुचारू संचालन हेतु योग्य प्रतिनिधियों के चयन में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। यह भी अवगत कराया जाता है कि समिति द्वारा यह सूचना निर्वाचन तिथि से 14 दिवस पूर्व सभी सदस्यों को प्रदान की जा रही है, जिससे सभी सदस्य समय रहते जानकारी प्राप्त कर सकें एवं निर्वाचन में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी, जैसे निर्वाचन कार्यक्रम, मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, मतदान की तिथि एवं समय तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक सूचनाएँ समिति द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए निर्धारित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी का नामः रामकुमार वर्मा कार्यालय का पताः सी-301, रॉयल कॉम्प्लेक्स, श्री रॉयल सिटी, शिवपुरी रोड, झाँसी -284003

अतः सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपना सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही में सहभागिता सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार -: आस्था गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)

समिति : रामराजा मल्टी स्टेट एग्रो को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड